Unit-4 I C-3

Date

Expt. No. [b] Teacher roles and Functions in the Interactive phase Page No.

28/04/2020

Inter-Active phase / Implementation phase
(अंत: क्रिया अवस्था / कार्यान्वयन अवस्था)

⇒ अंत: क्रिया अवस्था के अंतर्गत वे सभी क्रियाएं सम्मिलित की जाती हैं जो शिक्षक कक्षा में प्रवेश करने से लेकर कक्षा के बाहर आने तक करता है।

⇒ इस अवस्था में निम्नलिखित क्रियाएं शामिल हैं:-

1. कक्षा के आकार की अनुभूति (Sizing up the class)
2. छात्रों का निदान (Diagnosis of the Learners)
3. उद्दीपकों का चयन (Selection of Stimuli)
4. उद्दीपकों का प्रस्तुतीकरण (Presentation of Stimuli)
5. पृष्ठ पोषण तथा पुनर्बलन (Feedback and reinforcement)
6. रणनीतियों का प्रयोजन (Deployment of Strategies)

⇒ अंत: क्रिया अवस्था के मुख्य कार्य हैं
(Major operations in Inter-Active phase)

अनुभूति (perception)
↓
निदान (Diagnosis)
↓
प्रतिक्रिया (Response)

Teacher's Signature :

II C-3

M.P. Ansari
28/04/2020

Role of Teacher
(शिक्षक की भूमिका)

① सुविधा प्रदाता के रूप में (As a Facility provider)

② अनुश्रवण कर्ता के रूप में (As a Monitoring agent)

③ नेतृत्वकर्ता के रूप में (As the Leader)

④ मार्गदर्शक के रूप में (As a Guide)

⑤ परामर्श दाता के रूप में (As a Consultant)

① Role of Teacher as a Facility provider
सुविधा प्रदाता के रूप में शिक्षक की भूमिका :-

⇒ कक्षा के वातावरण को शिक्षण कार्य के अनुकूल बनाना

⇒ छात्रों की योग्यता और स्तर के अनुकूल शिक्षण विधि का प्रयोग करना चाहिये।

⇒ कक्षा शिक्षण में सहायक सामग्री का प्रयोग करना।

⇒ शिक्षण सम्बन्धी समस्याओं का निदान करना।

⇒ छात्रों को समस्याओं व चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्म निर्भर बनाना।

⇒ छात्रों के लिए यह आसान नहीं होता है कि वह शिक्षक से अपनी सारी समस्या बता दे इसलिये शिक्षक के लिए जरूरी है उदार चित्त वाले और सहायता करने के लिए इच्छुक हों।

Expt. No. M.R. Ansari III 23/04/2020 C-3 Page No.

② Role of Teacher as a Monitoring agent
अनुश्रवण कर्ता के रूप में शिक्षक की भूमिका :—

⇒ छात्रों का प्रदर्शन सुधारने के लिए सतत अनुश्रवण और उन्हें उत्तर देने की जरूरत होती है।

⇒ छात्रों की प्रगति की निगरानी करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे छात्र अपने प्रदर्शन के बारे में अधिक सजग बनने तथा अपने सीखने के बारे में ज्यादा जिम्मेदार बनेंगे।

⇒ निगरानी रखने से आप नियमित रूप से फीडबैक देने में सक्षम होंगे इससे छात्रों को यह पता चलेगा कि उनका प्रदर्शन कैसा है।

⇒ कक्षा में या बाहर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते समय छात्रों का अवलोकन करना।

⇒ जब छात्र काम कर रहें हों तब अपनी कक्षा का चक्कर लगाकर संक्षिप्त अवलोकन टिप्पणियाँ लिखना।

③ Role of Teacher as a Leader
नेतृत्वकर्ता के रूप में शिक्षक की भूमिका

⇒ शिक्षक को नेतृत्वकर्ता के रूप में मूल्यांकन करने और निर्णय लेने की आवश्यकता होती है ताकि ~~[illegible]~~ विद्यालय कैसे चल रहा है और कहाँ सुधारों की आवश्यकता है यह वे समझ सकें।

M.R. Ansari

Teacher's Signature : 23/04/2020

M.R. Ansari 30/04/2020

IV C-3

समय सारणी को अच्छी तरह से नियोजित करना।

⇒ चुनौतियों और अवसरों की पहचान करना।

⇒ समस्या वास्तव में क्या है इसे तय करने और इसका कैसे समाधान निकाला जा सके इसके लिए प्रमाण व तथ्यों का मूल्यांकन करना।

④ Role of Teacher as a Guide

मार्गदर्शक के रूप में शिक्षक की भूमिका :

M.R. Ansari 30/04/2020

⇒ छात्रों को उनकी योग्यताओं और शक्ति का ज्ञान कराना, ताकि वह अपनी क्षमता के अनुसार समाज के लिए उपयोगी योगदान दे सकें।

⇒ छात्रों को सन्तुलित, शारीरिक, मानसिक, भावात्मक एवं सामाजिक प्रगति में इस प्रकार सहायता देना कि वह अपने वातावरण के साथ संतोषजनक ढंग से समायोजित हो सकें।

⇒ छात्रों का ध्यान लक्ष्य की ओर आकर्षित करके, उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

⇒ सहानुभूति की सहायता से बालकों में न्यायप्रियता, सत्यप्रियता, देशभक्ति आदि स्थायी भावों का विकास करना चाहिए।

M.R. Ansari 30/04/2020

Expt. No. M.R. Ansari 30/04/2020 V C-3 Date Page No.

⇒ छात्रों की आवश्यकताओं से सम्बन्धित विद्यालय के प्रयोजन एवं कार्य को समझने में सहायता देना चाहिए।

Role Of Teacher as a Consultant
परामर्शदाता के रूप में शिक्षक की भूमिका

⇒ प्राथमिक स्तर पर बच्चे गीली मिट्टी की तरह परिवर्तनीय व्यक्तित्व की तरह होता है इसे परामर्श के द्वारा सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर किया जा सकता है।

⇒ परामर्श शिक्षा में आवश्यक प्रयोग, अपव्यय एवं अवरोधन रोकने, अधिगम के प्रभावी अधिग्रहण हेतु आवश्यक है।

⇒ समस्यात्मक बालकों एवं बाल अपराधियों के सुधार हेतु परामर्श देना चाहिए।

⇒ छात्रों को इस प्रकार सहायता देना की वे स्वयं अपना मूल्यांकन कर सकें।

M.R. Ansari 30/04/2020

Teacher's Signature